
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

09 नवंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा प्रगति की रीढ़ है।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

9 नवंबर


## मधु प्रिया

## नालंदा जिला की स्थापना 9 नवम्बर



नालंदा भारत के बिहार प्रान्त का एक जिला है जिसका मुख्यालय बिहार शरीफ है।। नालंदा अपने प्राचीन इतिहास के लिये विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ विश्व के सबसे पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष आज भी मौज़ूद है, जहाँ सुदूर देशों से छात्र अध्ययन के लिये भारत आते थे। बुद्ध और महावीर कई बार नालन्दा मे ठहरे थे। माना जाता है कि महावीर ने मोक्ष की प्राप्ति पावापुरी मे की थी, जो नालन्दा मे स्थित है। बुद्ध के प्रमुख छात्रों मे से एक, शारिपुत्र, का जन्म नालन्दा मे हुआ था। नालंदा पूर्व में अस्थामा तक पश्चिम में तेल्हारा तक दछिन में गिरियक तक उतर में हरनौत तक फैला है। विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालय के अवशेषों को अपने आंचल में समेटे नालन्दा बिहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहाँ पर्यटक विश्वविद्यालय के अवशेष, संग्रहालय, नव नालंदा महाविहार तथा ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल देख सकते हैं। इसके अलावा इसके आस-पास में भी घूमने के लिए बहुत से पर्यटक स्थल है। राजगीर, पावापुरी, गया तथा बोध-गया यहां के नजदीकी पर्यटन स्थल हैं। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7वीं शताब्दी में यहाँ जीवन का महत्त्वपूर्ण एक वर्ष एक विद्यार्थी और एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किया था। भगवान बुद्ध ने यहाँ उपदेश दिया था। भगवान महावीर भी यहीं रहे थे। प्रसिद्ध बौद्ध सारिपुत्र का जन्म यहीं पर हुआ था। नालंदा में राजगीर में कई गर्म पानी के झरने है, इसका निर्माण कहा जाता है की राजा बिम्बिसार ने अपने सासन काल में किया था, राजगीर नालंदा का मुख सहारे है, ब्रह्मकुण्ड, सरस्वती कुण्ड और लंगटे कुण्ड यहाँ पर है, कई बिदेसी मन्दिर भी है यहाँ चीन का मन्दिर, जापान का मन्दिर आदि. नालंदा जिले में जामा मस्जिद भी है जो के बिहार शरीफ मे पुलपर है। यह बहुत ही पुराना और विशाल मस्जिद है। लोकसभा के रूप में 1957 को जिला के रूप में 1972 में आया नालंदा का अस्तित्व 1957 में भले ही नालंदा लोकसभा के नाम से देश के संसदीय क्षेत्रों में एक अलग लोकसभा क्षेत्र शामिल हुए लेकिन एक जिला के रूप में नालंदा 1972 में अस्तित्व में आया। पटना से अलग होकर नालंदा एक अलग जिला बना। बिहारशरीफ के नालंदा जिला 9 नवम्बर, 1 9 72 को स्थापित किया गया था।

# जयंती विशेष 09 नवंबर




**मोहम्मद इक़बाल** (जन्म- 9 नवम्बर, 1877, सियालकोट, पंजाब, ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 21 अप्रैल, 1938) एक आधुनिक भारतीय प्रसिद्ध मुसलमान कवि थे। इक़बाल ने अपनी अधिकांश रचनाएँ फ़ारसी में की हैं। "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा" यह मशहूर गीत इक़बाल का ही लिखा हुआ है। मोहम्मद इक़बाल का यह मत था कि इस्लाम धर्म रूहानी आज़ादी की जद्दोजहद के जज़्बे का अलमबरदार है, और सभी प्रकार के धार्मिक अनुभवों का निचोड़ है। वह कर्मवीरता का एक जीवन्त सिद्धान्त है, जो जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाता है।

Teachers of Bihar
The change makers

# MATH TLM

81 Class-6to8

## कोण ( Angel )

### विभिन्न प्रकार के कोण

### 4• सरल कोण

जिस कोण का माप 180° हो उसे सरल कोण कहते हैं।

### 5• प्रतिवर्ती कोण

जिस कोण का माप 180° से अधिक और 360° से कम हो, उसे प्रतिवर्ती कोण कहते हैं।

### 6• पूर्ण कोण

जिस कोण का माप 360° हो , उसे पूर्ण कोण कहते हैं।



straight angle






Complete angel

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर




# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

## वनडे सीरीज

(ऑस्ट्रेलिया 2-1 से जीता)

| मैच | वेन्यू | रिजल्ट |
|---|---|---|
| पहला | पर्थ | ऑस्ट्रेलिया 7 विकेट से जीता |
| दूसरा | एडिलेड | ऑस्ट्रेलिया 2 विकेट से जीता |
| तीसरा | सिडनी | भारत 9 विकेट से जीता |

## टी-20 सीरीज

(इंडिया 2-1 से जीता)

| मैच | वेन्यू | रिजल्ट |
|---|---|---|
| पहला | कैनबरा | बेनतीजा |
| दूसरा | मेलबर्न | ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट से जीता |
| तीसरा | हॉबर्ट | भारत 5 विकेट से जीता |
| चौथा | गोल्ड कोस्ट | भारत 48 रनों से जीता |
| पांचवां | ब्रिस्बेन | बेनतीजा |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.11.2025

## स्व-निर्देशित अधिगम

स्व-निर्देशित अधिगम एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति स्वयं अपने सीखने और विकास की ज़िम्मेदारी लेता है। इसमें शिक्षार्थी खुद अपने सीखने के लक्ष्यों को निर्धारित करता है, उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाता है, संसाधनों की पहचान करता है और अपनी प्रगति का मूल्यांकन करता है। इसे स्वायत्त शिक्षा, स्व-शिक्षण या स्वतंत्र शिक्षा के रूप में भी जाना जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**मर्कोर** नाम की एआई कंपनी की शुरुआत करने के बाद 22 साल के भारतीय मूल के **आदर्श हीरेमथ, सूर्या मिधा** और अमेरिका के ब्रेंडन फूडी **मार्क जुकरबर्ग** को पीछे छोड़ते हुए सबसे कम उम्र के युवा **सेल्फ मेड बिलेनियर** बन गए हैं।

# पद्य पंकज

"

लोग कहते है हम
मुस्कुराते बहुत है,
और हम तक गये दर्द
छुपाते छुपाते।

**मुंशी प्रेमचंद**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


Reg. No. BR/2025/0487469

# पद्यपंकज

HALL OF FAME

माह : अक्टूबर

## टॉप-5 रचनाएँ
(व्यूज़ के आधार पर)


1

284

"दीपों की गरिमा"
(अमरनाथ त्रिवेदी)

2

271

"अक्टूबर"
(रुचिका)

3

264

"चौसर"
(रुचिका)

4

231

"प्यारा स्कूल"
(निवेदिता कुमारी)

5

225


"मैं चाहूं भईया का प्यार"
(मनु कुमारी)

रचनाएँ पढ़ने के लिए स्कैन करें



व्हाट्सएप ग्रुप जॉइन करें

www.teachersofbihar.org padyapankaj.teachersofbihar.org


9 नवम्बर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
नालंदा जिला स्थापना दिवस
की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
9 नवम्बर
उत्तराखण्ड
राज्य स्थापना दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


9 नवंबर
राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org